# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शनिवार, 06 अक्तूबर 2018, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 21 संस्करण

www.livehindustan.com

ग्रेटर नोएडा स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी में शुक्रवार को प्रस्तुति देते गजल गायक। ● श्रीकुमार बाजपेयी

## सबरंग उत्सव: शाम-ए-गजल में श्रोता झूमे

ग्रेटर नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) में सबरंग उत्सव में शुक्रवार को शाम-ए-गजल का आयोजन हुआ। गज़ल गायक शकील अहमद खान ने अपनी गज़लों से मनमोहक प्रस्तुति दी।

बिमटेक अपना 31वां स्थापना दिवस मना रहा है। एक सप्ताह तक चलने वाले सबरंग उत्सव में शुक्रवार को शाम-ए-गजल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम केक मुख्य अतिथि यमुना एक्सप्रेस वे के ओएसडी एसके भटिया रहे। प्रसिद्ध गजल गायक शकील अहमद खान ने अपनी गजलों से मनमोहक प्रस्तुति दी। गायक के साथ साथ वह संगीतकार भी हैं। जाने माने वायलिन वादक अलीम खान ने भी कर्णप्रिय प्रस्तुति दे कर श्रोताओं को सम्मोहित किया। अलीम खान 10 साल की उम्र से मंच पर अपनी प्रस्तुतियां देते आ रहे हैं।

इस मौके पर बिमटेक के पूर्व छात्र संघ के सदस्य से सदस्य एवं पूर्व छात्र सोमिया श्रीप्रिया (ब्रांच हेड, बिजनेस डेवेलपमेंट, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया) एवं संजय जैन (निर्देशक, टीएफएस अडवाइसरी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) भी उपस्थित रहे। सबरंग उत्सव के तहत शनिवार को कवि सम्मलेन का आयोजन होगा।

Scanned by CamScanner